भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1822
उत्तर देने की तारीख 04 अगस्त, 2023

इंटरनेट की गति और गुणवत्ता

1822. श्री नीरज डांगी:

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्पीड टेस्ट ग्लोबल इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत वैश्विक मोबाइल इंटरनेट स्पीड रैंकिंग में किस स्थान पर है;

(ख) इंटरनेट स्पीड टेस्ट ग्लोबल इंडेक्स के अनुसार वर्तमान में देश में औसत डाउनलोड गति और औसत अपलोड गति की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा देश में इंटरनेट की गति और इसकी गुणवत्ता में सुधार के लिए कोई अन्य कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (घ) अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) सूचना और दूरंसचार प्रौद्योगिकियों-आईसीटी के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट संस्था हैं। आईटीयू मोबाइल इंटरनेट स्पीड के लिए देशों की रैंकिंग के बारे में कोई डेटा प्रकाशित नहीं करती है। सरकार ने भारत में मोबाइल इंटरनेट स्पीड को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं जिसमें पर्याप्त स्पेक्ट्रम की उपलब्धता, स्पेक्ट्रम उपयोग प्रभार के संबंध में सुधार, स्पेक्ट्रम हॉर्मोनाइजेशन, मोबाइल टावरों की मंजूरी के संबंध में सुधार, मार्ग के अधिकार नियम, गति शक्ति संचार पोर्टल आदि हैं।

31 जुलाई, 2023 में देश में मोबाइल नेटवर्क के लिए बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) की संख्या 27,38,351 है जोकि 31 मार्च, 2014 में 6,49,834 बीटीएस थे।

इंटरनेट की गुणवत्ता के संबंध में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा बेतार डेटा सेवाओं के लिए सेवा गुणवत्ता मापदण्डों के बेंचमार्क के लिए दिनांक 04 दिसंबर, 2012 को 'बेतार डेटा सेवाओं के लिए सेवा गुणवत्ता के मापदण्ड विनियमन, 2012' और वायरलाइन ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए सेवा गुणवत्ता मापदण्डों के बेंचमार्क के लिए दिनांक 06 अक्तूबर, 2006 को 'ब्रॉडबैंड सेवा के लिए सेवा गुणवत्ता विनियमन, 2006 (2006 का 11)' जारी किया गया है। सेवा प्रदाता तिमाही आधार पर कार्य-निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) ट्राई को प्रस्तुत करते हैं और इसे सभी हितधारकों की जानकारी के लिए ट्राई की वेबसाइट पर जारी किया जाता है।

*****